## एक नजर में

### अभिषेक, पूजन के साथ की दिन की शुरूआत



**शाजापुर, 11 जुलाई** . गुरूपूर्णिमा के अगले दिन शुक्रवार से श्रावण माह की शुरूआत हो गई और श्रावण के पहले ही दिन शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई . इसके बाद शाम को भी शिवालयों में श्रद्धालू महादेव के दर्शन को शिवालय पहुंचते रहे . वहीं मंदिरों में भी आकर्षक साज-सज्जा की गई . श्रावण माह शिव जी का प्रिय महीना होता है . पूरे माह श्रद्धालू शिव जी की आराधना में लीन रहकर उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं . कई श्रद्धालू महादेव को प्रसन्न करने कई तरह के जतन भी करते हैं . तो इस माह कावड़ के माध्यम से भी कावड़िए महादेव का अभिषेक करने उज्जैन, मंदसौर, आगर सहित अन्य शिवालय पहुंचकर महादेव की आराधना करते हैं . तो कई लोग उपवास के माध्यम से भी महादेव को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं . वहीं श्रावण माह में महादेव मंदिरों में भी तैयारियां की गई है . कई जगह मंदिरों में रंग रोगन तो कई जगह आकर्षक विद्युत सज्जा से शिवालय जगमगा रहे हैं . इसके अलावा हर सोमवार को महादेव का अलग-अलग स्वरूप में आकर्षक श्रृंगार भी किया जाता है .

**हर सोमवार को मिलेगा महादेव का सान्निध्य**

श्रावण सोमवार मे केवल मंदिरों में भक्तों की भीड़ ही नहीं लगती बल्कि हर सोमवार को महादेव भी अपने भक्तों का हाल जानने निकलेंगे . श्रावण माह के चारों सोमवार तो महादेव का सान्निध्य भक्तों को मिलेगा ही . इसके अलावा मंगलनाथ, गिरासिया घाट, जयेश्वर महादेव मंदिर से भी आकर्षक सवारियां निकाली जाएंगी, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालू शामिल होकर महादेव की भक्ति में लीन रहते हैं .

**कावड़िए भी करेंगे महादेव का जलाभिषेक**

श्रावण में कई संगठनों द्वारा कावड़ यात्राएं भी निकाली जाएंगी . जिसके माध्यम से कावड़िए अपनी कावड़ में जल भरकर महादेव का श्रद्धा से जलाभिषेक कर उनकी आराधना करेंगे . इस पूरे माह नगर और जिलेवासी महादेव की भक्ति में लीन रहेंगे .

### ब्रांच मैनेजर का बिदाई समारोह आयोजित



**मोहन बड़ोदिया, 11 जुलाई** . मोहन बड़ोदिया की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक नवीन सिंह का ट्रांसफर होने पर भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार कलमोदिया ने उन्हें हार माला पहनाकर स्वागत कर विदाई दी, इस दौरान स्टाफ के लोग और किओस्क संचालक सहित उपभोक्ता मौजूद रहे, उक्त जानकारी भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार कलमोदिया ने दी .

### शाही जामा मस्जिद से गेट चुरा ले गए अज्ञात बदमाश

**शाजापुर, 11 जुलाई** . नगर की शाही जामा मस्जिद में एक बार फिर चोरी हो गई . बदमाश 10 जुलाई की रात मस्जिद परिसर से एल्यूमिनियम का गेट चुरा ले गए . मस्जिद कमेटी को घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह मिली . जिसके बाद सभी थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई . कमेटी सचिव अनवर मोहम्मद ने शुक्रवार दोपहर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई . उन्होंने बताया कि मस्जिद समिति ने गेट की तलाश कीए लेकिन वह कहीं नहीं मिला . उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब मस्जिद में चोरी हुई . इससे पहले भी यहां से गैस की टंकी, पंखे और दान पेटी चोरी हो चुकी हैं . लेकिन अब तक उस मामले में भी बदमाश की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है . वहीं अब मस्जिद से बदमाश गेट चुरा ले गए . कमेटी सचिव ने पुलिस से चोरों को जल्द पकड़ने और सख्त कार्रवाई की मांग की है . उनका कहना है कि इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सकेगी .

### यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला आज

**शाजापुर, 11 जुलाई** . जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निवारण निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 पर कार्यशाला 12 जुलाई को सुबह साढ़े 10 बजे से स्थानीय गांधी हॉल शाजापुर में आयोजित की जाएगी . कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी करेंगे . मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत रहेंगे .

### मलखंभ प्रीमियर लीग का समापन

**शाजापुर, 11 जुलाई** . कार्यालय खेल और युवा कल्याण एवं जिला मलखंब एसोसिऐशन शाजापुर के संयुक्त तत्वावधान में मलखंब प्रीमियर लीग 2025 का समापन समारोह गत दिवस मलखम्ब एरिना शाजापुर में सम्पन्न हुआ . जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र हाडिया ने बताया कि इस आयोजन में न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच दिया, बल्कि दर्शकों को भी अद्भुत खेल प्रदर्शन का अनुभव कराया . इवेंट में सिक्स किंग ऑफ मलखम्ब टीम ने शानदार जीत हासिल की . इस टीम के कप्तान रोहन नवीन ने उत्कृष्ट नेतृत्व दिखाया . इस इवेंट में आल राउण्डर चैंपियन का खिताब नीरज कछावा को मिला, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रदर्शन किया . इसी तरह पिरामिड प्रतियोगिता में मलखंब वारियर्स टीम विजेता रही . जिसकी कप्तान चंद्रिका मित्तोला थी . उन्होंने टीम भावना और सामूहिक समन्वय का बेहतरीन उदाहरण पेश किया . उभरते खिलाड़ी पुरस्कार भी इस समारोह का खास आकर्षण रहे . इस वर्ष के उभरते सितारे रहे . समर राजपूत, दीक्षा, शिवांश कुशवाह . इन युवा खिलाड़ियों ने आने वाले समय के लिए बड़ी संभावनाएं दिखाई हैं और दर्शकों का दिल जीत लिया . समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी हाडिया, द्रोणाचार्य अवॉर्ड योगेश मालवीय, विशेष अथिति सतीश राठौर थे . जिन्होंने विजेता टीमों और सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की .

### अधिकारियों ने आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण किया

**शाजापुर, 11 जुलाई** . कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी एवं सहायक संचालक सुश्री नीलम चौहान के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में चलाए जा रहे शालापूर्व शिक्षा अभियान के तहत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है . इसी तारतम्य में विभिन्न अधिकारियों द्वारा आंगनवाडी केंद्रों पर भ्रमण किया जा रहा है . इसी के तहत डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे द्वारा शाजापुर परियोजना के सेक्टर पनवाड़ी के केंद्र अभयपुर 01 एवं 02 का निरीक्षण किया गया . महाप्रबंधक उद्योग नवीन शुक्ला ने शाजापुर परियोजना के विघ्नेश्वर नगर के आंगनवाड़ी केंद्र 28/2 एवं वार्ड 27 का निरीक्षण किया . इसी प्रकार जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री अंजू मरावी ने लाहोरी सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्र भाटखेड़ी, लड़ावद एवं रिछोदा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमृतराज सिसोदिया द्वारा परियोजन मो. बड़ोदिया के सेक्टर गुलाना के ग्राम दास्ताखेड़ी के आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया . आगंनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों से इंडोर एवं आउटडोर खेल व पजल के माध्यम से प्रभावी गतिविधियां करायी जा रही हैं .

### पुलिस थाने में किया पौधारोपण

**सोयतकलां, 11 जुलाई** . एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मंगलवार को पुलिस थाना सोयतकलां में पौधारोपण किया . जिसमें थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा, एएसआई रामप्रकाश पुष्पद, प्रधान आरक्षक प्रदीप पानेरी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे . एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण में आंवला, आम, पीपल, नीम, जामुन, जाम आदि के पौधे रोपित किए गए . साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया .

# नशीली दवाओं से बचाने के लिए स्कूलों में बनेंगे प्रहरी क्लब

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने बैठक में दिए निर्देश

**शाजापुर, 11 जुलाई. मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य व उज्जैन संभाग प्रभारी डॉ. श्रीमती निशा श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जिले की बाल कल्याण संस्था एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर बाल अधिकार संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की.**




आयोग की सदस्य डॉ. श्रीवास्तव ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में बच्चों को नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन से बचाने के लिए प्रहरी क्लब (नशा विरोधी अभियान क्लब) गठित करने, चिकित्सकों के माध्यम से प्रतिवर्ष एड्स जागरूकता संबंधी कार्यशाला आयोजित करने, अनिवार्य रूप से शिकायत पेटी लगवाने व समिति गठित करने, सूचना पटल पर चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 लिखवाने सहित अन्य निर्देश दिए. डॉ. श्रीवास्तव ने कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में जिले में आंगनवाड़ी केन्द्रों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सपोर्टिव सुपरविजन के कार्यों की सराहना की. इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास सुश्री नीलम चौहान, बाल कल्याण समिति सदस्य आशुतोष सोनी, मुकेश धनगर, विक्रम सिंह तंवर, श्रीमती सविता चौहान, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती सोनल नाईक व सदीप राठौर, शिशु गृह एसएए अध्यक्ष भूपेन्द्र सहगल, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे, श्रम निरीक्षक आरके चौहान, सुश्री अमिता, जिला संयोजक श्रीमती मीना मंडलोई, प्रशासक सुश्री नेहा जायसवाल, उपनिरीक्षक भगवानसिंह उपस्थित थे.

### माता-पिता की काउंसिलिंग कराने के निर्देश

उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को नियमित रूप से आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने, विधि विवादित गंभीर अपराध वाले बालकों के माता-पिता की काउंसिलिंग कराने एवं समय-समय पर स्वसहायता समूहों की बैठक लेने के निर्देश दिए . उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय से कार्य करें . किसी भी प्रकार की समस्या आने पर इसकी जानकारी दें . इस दौरान उन्होंने उपस्थित सदस्यों व जिला अधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी .

### उपसंचालक कृषि ने फसल प्रदर्शन का अवलोकन किया

**शाजापुर, 11 जुलाई.** किसान कल्याण तथा कृषि उपसंचालक आरएल जामरे ने ग्राम पंचायत बिकलाखेड़ी में एनआरसी इंदौर एवं कृषि विभाग शाजापुर के माध्यम से उन्नत नवीन किस्म एनआरसी 150 एवं राज सोया 24 के प्रदर्शनों का अवलोकन किया. इन प्रदर्शनों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के कृषकों के बीच इन नवीन किस्मों के बारे में जागरूकता फैलाने के साथ वैज्ञानिक पद्धति से किस प्रकार सोयाबीन की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है. स्वयं किसान के खेत से प्रदर्शित करना है. इसके साथ की ग्राम सनकोटा के कृषक खेत पर अरहर प्रदर्शन का भी अवलोकन किया गया. प्रदर्शन के द्वारा कृषक आय में बढ़वार एवं खेती के जोखिम को फसल विविधीकरण से किस प्रकार कम किया जा सकता है की जानकारी भी दी गई.

# एक पेड़ मां के नाम : पिता भी जुड़े, तो सार्थक हो अभियान

**बात शाजापुर की**
**मनोज पुरोहित**

***'हजारों मुश्किलों से लड़ रहा हूं मैं अकेला ही, दुआएं साथ हो जिसके उसे लश्कर नहीं लगता, मेरे बाबूजी बूढ़े हैं, मगर अब भी ये आलम है, वो मेरे पास हैं, तो मुझको डर नहीं लगता...'***

जब आप अपनी कौशल्या के पास जाएं, तो उस दशरथ के आगे भी सिर झुका के आगे आना, जिनकी कुर्बानियां, जिसके त्याग लिखने के लिए इतिहासों को स्याही ना मिली. हमारा वो हवाई चप्पल वाला हीरो, जो मुश्किलों के दो-चार पर्वत रोज पार कर जाता था. इस देश में पिता की बात तो होती है, लेकिन साहित्य चुप हो जाता है, फिल्मों में भी पिता को जगह नहीं मिली. यही हाल पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू की गई मुहिम में भी दिख रहा है. एक पेड़ मां के नाम अभियान इन दिनों चल रहा है. जिस प्रकार मां पिता के बगैर अधूरी है और पिता मां के बगैर अधूरा है, उसी प्रकार ये अभियान भी कुछ अधूरा सा लग रहा है. क्योंकि एक पेड़ माता-पिता के नाम रोपित होना था. क्या पिता केवल पितृ दोष दूर करने के लिए ही है. पर्यावरण को हरा-भरा रखने के लिए एक पेड़ मां के नाम की पहल मानव जीवन के लिए सही है, लेकिन इस अभियान में यदि पिता का नाम भी जुड़ जाता, तो ये मां के साथ-साथ पिता का भी सम्मान होता. इससे वसुंधरा का सही मायने में श्रृंगार होता, साथ ही ये अभियान भी अपनी सार्थकता को पूरा कर पाता. घर की नीव का पत्थर और मुखिया जब पिता होता है, तो फिर ये पेड़ उस मुखिया के नाम क्यों नहीं. पिता के बिना मां का अस्तित्व नहीं हो सकता, पिता जीवन है, संबल है, पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है, पिता अंगुली पकड़े बच्चे का सहारा है, पिता कुछ खट्टा, कुछ खारा है, परिवार का अनुशासन है, पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है, पिता छोटे से परींदे का बड़ा आसमान है, पिता अप्रदर्शित अनंत प्यार है, पिता से ही बच्चों के ढेर सारे सपने है, पिता है, तो बाजार के सब खिलौने अपने हैं, पिता से ही मां की बिंदी और सुहाग है... इसलिए इस अभियान की सार्थकता तभी पूरी होगी, जब एक पेड़ सिर्फ मां के नाम नहीं, बल्कि संयुक्त रूप से माता-पिता के नाम रोपा जाए.

**अस्पताल, यातायात और नदी, अमर समस्या**

शाजापुर जिला सरकारी अस्पताल को सुधारने का हर अधिकारी ने प्रयास किया. तीन दशक से अस्पताल की अव्यवस्था को सुधारने का दावा किया जाता रहा, लेकिन अस्पताल की अव्यवस्था है कि सुधरने का नाम नहीं ले रही. यही हाल शहर के यातायात का है. दो दशक से हर पुलिस अधिकारी ने शहर के यातायात को सुधारने का दावा तो किया, लेकिन वे भी थक गए और भगवान भरोसे छोड़ दिया शहर का यातायात. इसी प्रकार शाजापुर की जीवनदायिनी चीलर नदी को हर कलेक्टर ने चंद्रलेखा बनाने का प्रयास किया, चीलर नदी हर कलेक्टर के लिए प्रयोगशाला तो बनी, लेकिन चंद्रलेखा नहीं बन पाई. ये तीनों समस्या अमर हो चुकी हैं. लगता नहीं है कि अस्पताल, यातायात और चीलर नदी की समस्या कभी खत्म हो पाएगी.

**शाजापुर में सूखा सावन...**

बारिश के लिए सावन और भादौ दो महीने होते हैं, सावन तो शुरू हो गया है, लेकिन शाजापुर का सूखा अभी खत्म नहीं हुआ है. ना तो सावन की फुहार देखने को मिल रही है और न सावन की रिमझिम शुरू हुई है. अब देखना यह है कि सावन के महीने में सावन की रिमझिम कब शाजापुर का सूखा खत्म करती है. हो सकता है कांवड़ यात्राओं के दौरान सावन की झड़ी देखने को मिले.

**अंत में...**

मां की तरह देखभाल कर सको, तो ही पेड़ लगाना, वरना इन पेड़ों के लिए कोई वृद्धाश्रम नहीं होते.

# अपनी मां के नाम 151 जोड़े कल रोपेंगे पौधे

## 13 जुलाई को चलेगा विशेष अभियान, भाजपाई जुटे तैयारी में

**शाजापुर, 11 जुलाई. भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा हैं. इसी क्रम में शाजापुर जिले में प्रतिदिन उक्त अभियान के तहत जगह-जगह पौधरोपण किया जा रहा हैं. इसी क्रम में अभियान के अंतर्गत शाजापुर विधानसभा में 13 जुलाई रविवार को स्थानीय भैरव डूंगरी पर 151 पौधों का रोपण किया जाएगा. इस आयोजन की खास बात यह है कि यहां पर 151 जोड़े पौधरोपण करेंगे. यहां प्रत्येक जोड़े के पौधरोपण करने के लिए नियत स्थान रहेगा. इस स्थान पर पौधा, पानी की बाल्टी, पौधा लगाने के लिए गड्ढा भी पहले से ही तैयार किया जाएगा. जिससे यहां पर सभी लोग आसानी से पौधरोपण कर सकेंगे.**



दरअसल, एक पेड़ मां के नाम अभियान में शाजापुर विधानसभा का समापन कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित भैरव डूंगरी पर होगा. यहां पर आयोजन को लेकर तैयारियां जारी हैं. पथरिली भूमि से पत्थरों को हटाकर इसे समतल किया जा रहा हैं. इसके साथ ही 151 पौधों को रोपने के लिए गड्ढें भी तैयार किए जा रहे हैं. इस आयोजन को करने के लिए विधायक अरुण भीमावद द्वारा विशेष निर्देश दिए गए हैं. विधायक के अनुसार पिछले दिनों पचमढ़ी में आयोजित भाजपा के सांसद एवं विधायकों के अभ्यास वर्ग में पौधरोपण के दौरान जो व्यवस्थाएं की गई थी उसी तरह की व्यवस्थाएं शाजापुर विधानसभा के प्रत्येक मंडल के साथ ही शाजापुर नगर मंडल के भैरव डूंगरी पर होने वाले पौधरोपण कार्यक्रम के लिए की जा रही हैं. इसमें सबसे विशेष बात यह रहेगी कि सभी 151 पौधों का रोपण 151 जोड़ों (पति-पत्नी) द्वारा मिलकर किया जाएगा. इसके लिए उन्हें पौधे के साथ-साथ पानी की अलग बाल्टी और फिर हाथ साफ करने के लिए कपड़ा भी मौके पर ही उपलब्ध रहेगा. इस आयोजन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए तैयारियां की जा रही हैं.

**50 नवयुगल, 50 भाजपाई व 50 आमजन एक साथ रोपेंगे पौधे**

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने बताया कि भैरव डूंगरी पर रविवार को आयोजित होने वाले पौधरोपण कार्यक्रम में 50 नवयुगल जोड़ों के साथ ही 50 जोड़े भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी एवं 50 जोड़े सांस्कृति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए रहेंगे. इसके अलावा जहां पौधरोपण किया जाएगा उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाए इसके लिए पौधरोपण वाले पूरे स्थल पर तार फैंसिंग की जाएगी. साथ ही प्रत्येक पौधे को पानी पहुंचाने के लिए यहां 5-5 हजार लीटर की दो पानी की टंकियां बनाई जाकर इनसे लाइन निकालकर प्रत्येक पौधे को ड्रीप के माध्यम से पानी दिया जाएगा. ताकि पौधे बढ़ सकें.

### प्रत्येक पौधे के पास लगेगी नाम की तख्ती

आयोजन के तहत जो जोड़े पौधों का रोपण करेंगे उस पौधे के पास ही वे अपनी मां के नाम की तख्ती भी लगाएंगे . इन तख्तियों को तैयार कराया जा रहा हैं . जिसके लिए प्रत्येक जोड़ों से संपर्क किया जा रहा हैं . भाजपा द्वारा आयोजित इस अनूठे पौधरोपण कार्यक्रम को लेकर जोड़ों से संपर्क करके तख्तियां भी तैयार कराई जा रही हैं . विधायक भीमावद के अनुसार तख्तियां लगाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो जोड़ा पौधरोपण करेगा वो आगामी समय में ही पौधे का ध्यान रखेगा .

# कुएं में मिला शव, परिजनों ने सटोरियों पर लगाए गंभीर आरोप

**मक्सी, 11 जुलाई. शुक्रवार सुबह मक्सी थाना क्षेत्र के तलाई मोहल्ला, काला भाटा इलाके में उस समय सनसनी फैल गई, जब स्थानीय निवासी सलीम खां मंसूरी 52 वर्ष पिता पीर खां मंसूरी का शव जंगल के कुएं में तैरता मिला. मृतक टेंपो चलाकर एवं गन्ने के रस की दुकान का संचालन कर अपना जीवन यापन करता था.**



घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई. सूचना पाकर मक्सी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को रहवासियों की मदद से कुएं से बाहर निकालकर शाजापुर जिला अस्पताल भेजा गया. जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल ने बताया कि मामले में जांच का विषय है और घरवाले बताएंगे. उनके बयान लेंगे, तब ही कार्यवाही आगे बढ़ेगी. हालांकि इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने गहरा संदेह जताया है. परिजनों का आरोप है कि सलीम पर कुछ सटोरियों का दबाव था, जो उसे सट्टे के पैसों को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे. परिवार वालों के अनुसार, सलीम काफी समय से तनाव में था. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है.

**एक नजर में** — शिव मंदिरों में शुरू हुआ आराधना और अनुष्ठानों का दौर

# सावन के पहले दिन शिवालयों में लगा भक्तों का तांता

**सुसनेर, 11 जुलाई. भूतभावन भगवान शिवजी का सबसे प्रिय माह सावन शुक्रवार से शुरू हो गया. इसके पहले दिन सुसनेर समेत क्षेत्र के तमात शिवालयो में अलसुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा. कहीं पर अनुष्ठान शुरू हुए तो कहीं पर अभिषेक करते हुए श्रृद्धालुओं ने मंगल कामनाएं की.**



मनकामनेश्वर मंदिर में पूजा करने उमडी महिलाओ की भीड

नगर के मेला ग्राउंड स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव और नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में 30 दिवसीय महारूद्राभिषेक की शुरूआत भी की गई. यहां श्रद्धालुओं और शिवभक्तों के पहले दिन महारूद्राभिषेक करते हुए क्षेत्रवासियो की सुख समृद्धि की कामना की. पहले दिन पंडित गोविंद शर्मा और पंडित ब्रह्मप्रकाश भट्ट के द्वारा संकल्प दिलवाकर के वैदिक मंत्रोउच्चार के साथ विधिविधान से अभिषेक सम्पन्न करवाया. उसके बाद आरती कर प्रसादी का वितरण भी किया गया. इसी के साथ ही डाक बंगला रोड पर स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर, जयेश्वर महादेव, श्रीराम जानकी मंदिर, महादेव घाट, सत्यनारायण गली स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर, पुलिस कालोनी स्थित शिव मंदिर, मोरूखेडी स्थित शिव मंदिर, पंचदेहरीया महादेव मंदिर व ताखला के समीप त्रिवेणी संगम पर स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर समेत क्षेत्र के तमाम शिवालयों में भी अलसुबह से ही भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही.

### पं. मिश्रा की प्रेरणा का असर, मंदिरों में भीड़

शिवमहापुराण की कथा के कथावाचक पंडित प्रदीप जी मिश्रा की कथा बड़ी तादात में शहरवासी टीवी, मोबाइल पर श्रवण करते हैं . विभिन्न प्रकार के दोषो से मुक्ति पाने के लिए उनके द्वारा बताए जाने वाले उपायो के कारण पहले ही दिन से शिव मंदिर में श्रृद्धालुओं की भीड काफी बड़ी हुई दिखाई दे रही है, सावन माह के चलते ज्यादा संख्या में लोग मंदिर पहुंच रहे हैं . जिसके कारण मंदिर समितियों को व्यवस्थाओं में बढोतरी करते हुए संसाधन भी जुटाना पड़ रहे हैं .

### प्रत्येक सोमवार पर आकर्षक श्रृंगार के साथ होंगे विभिन्न आयोजन

सावन माह के चलते प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में समिति के द्वारा आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा तो वहीं महारूद्राभिषेक, धार्मिक अनुष्ठान, भजन कीर्तन, संध्या आरती, आकर्षक श्रृंगार के साथ भजन संध्या, सुंदरकांड जैसे कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे . हर सोमवार को विशेषरूप से रात्रि के समय होने वाली आरती में बडी संख्या में श्रृद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे .

### आज 4 घंटे बाधित रहेगा विद्युत प्रदाय

**शाजापुर, 11 जुलाई.** विद्युत वितरण कंपनी ने लाइन मेंटीनेंस कार्य की घोषणा की है. 12 जुलाई को 33/11 केवी मुरादपुरा उपकेंद्र पर मेंटेनेंस होगा. इसके साथ ही कमर्दीपुरा, नई सड़क, राजनगर, सिंचाई शहर और लक्षणखेड़ी सिचाई फीडरों पर भी काम होगा. बिजली कटौती सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगी. इस दौरान गिरवर रोड, वरसी कॉलोनी और तालाब की पाल क्षेत्र प्रभावित होंगे. लाल माता मंदिर रोड, लाल खिड़की, हरिजन टेकरा, गुलाब कालोनी, कमरदीपुरा, छोटा चौक, बड़ा चौक, सराफा बाजार, तेलीवाड़ा, कुरैशी मोहल्ला, पोरवाल धर्मशाला, कसेरा बाजार, मनिहारवाड़ी, शरद नगर, नई सड़क, नीलम लॉज, सोमवारिया, भोईवाड़ा, मीरकला बाजार, भंसाली मोहल्ला, नीमवाड़ी, भट्ट मोहल्ला, राजनगर, महुपुरा, कसाईवाड़ा, डासी रोड, मुरादपुरा हनुमान मंदिर क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी. इसेक अलावा पटेलवाड़ी, धान मंडी, सपरीपुरा और किला रोड क्षेत्रों में भी आपूर्ति बाधित रहेगी.